पानीपत, शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024

जागरण सिटी



दैनिक जागरण

जींद

मां-बेटी हरियाणा साहित्य से सम्मानित IV

www.jagran.com

वीसी कर्नल डा. रणपाल सिंह को मिला राज्यपाल से प्रशंसा पत्र IV



# वीसी डा. रणपाल सिंह को राज्यपाल से मिला प्रशंसा पत्र

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी कर्नल डा. रणपाल सिंह को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और विश्वविद्यालय के समग्र विकास में सराहनीय योगदान के लिए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। राज्यपाल ने वीसी के नेतृत्व और उनके कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की सराहना की। राज्यपाल कहा कि डा. रणपाल सिंह के नेतृत्व में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने अद्वितीय प्रगति की है। 16 विभागों से बढ़कर 28 विभाग और विद्यार्थियों की संख्या 1500 से सात हजार तक पहुंच चुकी है। यह विकास अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने वीसी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। प्रशंसा पत्र में राज्यपाल ने उल्लेख किया कि डा. रणपाल सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, खेल, शोध और पर्यावरण संरक्षण में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2023 में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) इकाई की स्थापना के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का विकास हुआ है।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय वीसी डा. रणपाल सिंह को प्रशंसा पत्र देते हुए। • सौ. विवि

हरिभूमि

Date: 12.10.2024

# कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह को राज्यपाल ने किया सम्मानित

- वीसी के उत्कर्ष नेतृत्व और विश्वविद्यालय के समग्र विकास पर जताई प्रसन्नता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और विश्वविद्यालय के समग्र विकास में अद्वितीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कर्नल डा. रणपाल सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व और उनके कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की सराहना की। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आपके नेतृत्व में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने अद्वितीय प्रगति की है। 16 विभागों से बढ़ कर 28 विभाग और छात्रों की संख्या 1500 से सात हजार तक पहुंच चुकी है। यह विकास आपके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शोध और नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को मिली महत्वपूर्ण उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। भौतिकी विभाग को 30 लाख रुपये की भारत सरकार की परियोजना प्राप्त हुई है।



जींद। डा. रणपाल को सम्मानित करते राज्यपाल।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 12.10.2024

# सीआरएसयू कुलपति को राज्यपाल ने प्रशंसा-पत्र देकर किया सम्मानित

## उत्कृष्ट नेतृत्व, समग्र विकास में योगदान के लिए की सराहना

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और विश्वविद्यालय के समग्र विकास में अद्वितीय योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र से सम्मानित किया गया।



महामहिम ने डॉ. रणपाल सिंह के नेतृत्व और उनके कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में हुए विकास कार्यों की सराहना की। कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने अद्वितीय प्रगति की है। 16 विभागों से बढ़कर 28 विभाग और छात्रों की संख्या 1,500 से 7,000 तक पहुंच चुकी है। प्रशंसा-पत्र में राज्यपाल ने उल्लेख किया कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, खेल, शोध, और पर्यावरण संरक्षण में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2023 में एनसीसी इकाई की स्थापना के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का विकास हुआ है। उन्होंने डॉ. रणपाल सिंह को 'कर्नल कमांडेंट' की उपाधि से नवाजे जाने को भी विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। शोध और नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को मिली महत्वपूर्ण उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। विश्वविद्यालय को पांच पेटेंट प्राप्त हुए हैं। भीम पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार जैसे सम्मान विश्वविद्यालय की खेल परंपरा की मजबूती का प्रमाण है। कुलपति ने कहा कि आने वाले समय में सीआरएसयू खेलों में एक प्रमुख केंद्र बने और छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। हम छात्रों को बेहतर खेल सुविधाएं और समर्थन प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं।

**INDIA TIMER** Date: 12.10.2024

# राज्यपाल ने जींद विश्वविद्यालय के वीसी को प्रंशसा पत्र से किया सम्मानित

**जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर):** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह को राज्यपाल द्वारा प्रशंसा-पत्र से सम्मानित, उनके उत्कर्ष नेतृत्व और विश्वविद्यालय के समग्र विकास पर जताई प्रसन्नता चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू), जींद के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह को हरियाणा के राज्यपाल, बंडारू दत्तात्रेय द्वारा उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और विश्वविद्यालय के समग्र विकास में अद्वितीय योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र से सम्मानित किया गया है। राज्यपाल ने कर्नल डॉ. रणपाल सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व और उनके कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की सराहना की। हरियाणा के राज्यपाल, बंडारू दत्तात्रेय ने कहा, आपके नेतृत्व में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने अद्वितीय प्रगति की है। 16 विभागों से बढ़कर 28 विभाग और छात्रों की संख्या 1,500 से 7,000 तक पहुँच चुकी है। यह विकास आपके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कुलपति की भूमिका की विशेष सराहना करते हुए कहा कि सीआरएसयू आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। प्रशंसा-पत्र में माननीय राज्यपाल ने विशेष उल्लेख किया कि कर्नल डॉ. रणपाल सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, खेल, शोध, और पर्यावरण संरक्षण में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वर्ष 2023 में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) इकाई की स्थापना के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का विकास हुआ है।

